भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने अंतर संसदीय संघ की अनेक महत्वपूर्ण बैठकों/कार्यशालाओं में भाग लिया

...

कैंप ऑफिस, किगाली, रवांडा; 15 अक्तूबर, 2022: किगाली, रवांडा में आयोजित अंतर संसदीय संघ की 145वीं बैठक में राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश के नेतृत्व में भाग ले रहे भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने अनेक महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लिया।

सांसद, डॉ. सस्मित पात्रा ने "एक अधिक सशक्त एवं शांतिपूर्ण विश्व के लिए परिवर्तनकारी कारक के रूप में महिला-पुरुष समानता और महिलाओं के प्रति संवेदनशील संसद" के मुख्य विषय पर हुई आम चर्चा के युवा खंड के दौरान सभा को संबोधित किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के सम्मान को बढ़ावा देने वाली समिति की बैठक में भी भाग लिया, और "साइबर हमले और साइबर अपराध: वैश्विक सुरक्षा के लिए नए खतरे " विषय पर शांति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी स्थायी समिति की विशेषज्ञ सुनवाई में भी शामिल हुए ।

सांसद, श्रीमती अपराजिता सारंगी ने अंतर संसदीय संघ द्वारा "पोषण" पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। उन्होंने "लैंगिक समानता की ओर: महिला संसदीय समूहों की उपलब्धियां " विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में भी भाग लिया।

सांसद, श्री कार्तिकेय शर्मा ने बाल अधिकारों पर एक कार्यशाला में भाग लिया, और लोकतंत्र और मानवाधिकार संबंधी स्थायी समिति के सत्र में भी भाग लिया, जिसमें " अंतर्राष्ट्रीय प्रवास के उच्च स्तर वाले देशों के स्थानीय और क्षेत्रीय विकास तथा राज्य प्रायोजित सहित सभी रूपों में मानव तस्करी और मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए संसदीय प्रयास " पर मसौदा प्रस्ताव को स्वीकार किया गया ।

सांसद, कु. दिया कुमारी ने संयुक्त राष्ट्र मामलों संबंधी स्थायी समिति की "बढ़ती भुखमरी और अकाल पर संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया" विषय पर हुई पैनल चर्चा में भाग लिया।

सांसद, श्री विष्णु दयाल राम ने सतत विकास संबंधी स्थायी समिति की "एसडीजी 8 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्थानीय समुदायों को स्थानीय टिकाऊ समावेशी अर्थव्यवस्था के साथ फिर से जोड़ना" विषय पर हुई पैनल चर्चा में भाग लिया।